Seventeenth Loksabha

an>

Title: The Speaker made an announcement under Rule 384 regarding seating arrangements and e-circulation of Economic Survey 2020-21 through Member's Portal.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, सामाजिक दूरी (Social Distancing) और सुरक्षा सुनिश्चित करने की दृष्टि से महामहिम राष्ट्रपति महोदय के अभिभाषण के दौरान मैंने इस सभा की ओर से लोक सभा चैम्बर में कुछ माननीय सदस्यों को बैठने की अनुमति दी थी । सत्र के दौरान सामाजिक दूरी सुनिश्चित करने के लिए मैंने लोक सभा प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमों के नियम 2 के अन्तर्गत निदेश दिया है कि इस सत्र में लोक सभा की कार्यवाही के दौरान सभा के दायरे में राज्य सभा चैम्बर, इसकी लॉबी और गैलरी भी शामिल होगी ।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : इसी प्रकार राज्य सभा की कार्यवाही के दौरान राज्य सभा के कुछ माननीय सदस्यों के बैठने की व्यवस्था लोक सभा चैम्बर में होगी । इस संदर्भ में मैं आशा करता हूँ कि पिछले सत्र की तरह नियम 384 में रियायत देने के मेरे प्रस्ताव पर सभा इस सत्र में भी सहमत होगी ।

अनेक माननीय सदस्य : जी हाँ ।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, जैसा कि आपको समाचार 2 के माध्यम से पहले भी सूचित किया जा चुका है कि माननीय मंत्री जी द्वारा आर्थिक समीक्षा प्रस्तुत किए जाने के पश्चात इसकी प्रतियां मैम्बर पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध करवा दी जाएगी ।

...(व्यवधान)